

## खबर संक्षेप

### बुचूराम को योजना के तहत मिला पक्का मकान

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य में जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर मिल रहे हैं। इसी योजना के तहत बगीचा विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरापाठ निवासी बुचूराम को जनमन योजना का लाभ मिला है। बुचूराम पहले लकड़ी और पैरा से बनी झोपड़ी में रहता था। जहां बारिश, धूप और जीव-जन्तुओं से उन्हें कई परेशानियाँ होती थीं। वह मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा करता है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे खुद से पक्का मकान नहीं बना सकता था। योजना के तहत उन्हें पक्का आवास मिला। अब उनके पास सुरक्षित और स्थायी घर है। बुचूराम बताते हैं कि आज उनके पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं भी हैं, जिससे उन्हें अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को योजना के माध्यम से पक्के मकान, स्वास्थ्य, राशन और अन्य जरूरी सुविधाएं दी जा रही हैं।

### सम्मान निधि योजना से उमेश को मिला संबल

**जशपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम सालहेकेराडीह निवासी उमेश नंदराम को भी हाल ही में योजना की 20वीं किस्त की राशि प्राप्त हुई है। नंदराम ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से इस योजना का लाभार्थी हैं और प्रत्येक किस्त से उन्हें अपनी खेती किसानी में निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, इस बार मिली किस्त की राशि का उपयोग मैं खाद-बीज की खरीद और खेत की मजदूरी देने में कर रहा हूँ। यह सहायता समय पर मिलती है जिससे कृषि कार्यों में व्यवधान नहीं आता। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे खेती के लिए जरूरी संसाधन जुटाने में मदद मिलती है और आर्थिक संकट से राहत मिलती है।

### आवास निर्माण में लापरवाही पर दो सचिव निलंबित

**अम्बिकापुर।** प्रधान मंत्री आवास योजना कार्य में लापरवाही पर जिपं सीईओ ने दो पंचायत सचिव को निलंबित करने के साथ ही एक को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर द्वारा पीएम आवास को लेकर जिपं सभाकक्ष में बैठक ली गई थी। इस बैठक में जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत पंपापुर में पदस्थ सचिव शम्भूशंकर सिंह बैठक में अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 31 आवास स्वीकृत हैं, जिसमें से एक भी आवास पूर्ण नहीं है। इसी प्रकार जनपद पंचायत सीतापुर के ग्राम पंचायत गेरसा में पदस्थ सचिव मनबहाल राम अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 24 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 7 आवास पूर्ण है। इससे स्पष्ट होता है कि इन सचिवों के द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ली जा रही है, जो कि कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है। ऐसे में इस लापरवाही के लिए जिपं सीईओ विनय अग्रवाल ने पंचायत सचिव शम्भूशंकर सिंह व मनबहाल राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही बैठक में समीक्षा के दौरान लुंड्रा के ग्राम पंचायत रघुपुर के आवास प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत में 67 आवास स्वीकृत हैं जिसमें आज दिनांक तक एक भी आवास पूर्ण नहीं है। ग्राम पंचायत रघुपुर के सचिव श्याम कुमार गुप्ता द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिए जाने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

### वन विभाग की लापरवाही से हुई हाथी के हमले में मौतें

**अंबिकापुर।** हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि सीतापुर देवगढ़ के मोहरलाल की जान हाथियों ने नहीं बल्कि सरकार और वन विभाग की लापरवाही ने ली है। 15 दिनों में हाथियों के कुचलने से 6 लोगों की जान जा चुकी है मगर सरकार और प्रशासन खामोश बैठे हैं। यह चुप्पी भाजपा सरकार की नाकामी और असंवेदनशीलता को उजागर करती है। ग्रामीण रोज मौत के साए में जी रहे हैं, मगर किसी अधिकारी या मंत्री को उनकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। हाथियों के आतंक से गांव खाली हो रहे हैं, किसान खेतों में नहीं जा पा रहे, बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है। ग्रामीणों की पीड़ा पर सरकार और वन विभाग की बेरुखी निंदनीय है।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सख्त हुई जशपुर पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जशपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर यातायात पुलिस जशपुर द्वारा निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्कूली बच्चों की आवाजाही से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

2 अगस्त को यातायात पुलिस द्वारा गिरांग चौक में स्कूली वाहनों पर केंद्रित विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे वाहनों को चिन्हित किया गया जो या तो निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा रहे थे, तेज गति से वाहन चला रहे थे अथवा यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। अभियान के दौरान कुल 10 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जिससे 3000 रुपए जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई। इस अभियान में उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता बाज, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक सुनेश्वर पैंकरा, आरक्षक ओबेद मिंज, आरक्षक मनोहर लकड़ा तथा नगर सैनिक महादेव राम ड्यूटी पर उपस्थित रहे।

**गिरांग चौक में चला विशेष चेकिंग अभियान, 10 स्कूली वाहनों से वसूला गया जुर्माना**






**बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि:** एसएसपी शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि जशपुर पुलिस बच्चों की सुरक्षा के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। स्कूली वाहनों की नियमित जांच की जाएगी, और यदि भविष्य में भी किसी वाहन में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई जाती है तो कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### दी गई समझाइश

यातायात पुलिस ने केवल जुर्माना वसूलने तक ही सीमित न रहते हुए, सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति समझाइश भी दी। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं, तेज रफ्तार से वाहन संचालन न करें, निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों का परिवहन न करें, वाहनों में रेडियम पट्टी, ब्रेक, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से अद्यतन रखें साथ ही यह भी कहा गया कि वाहन चालकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।

## मंदिर तक पहुंचने ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई वैकल्पिक व्यवस्था

# सतीघाट शिवधाम में श्रद्धालु करेंगे भस्म आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

सावन सोमवार पर शिवभक्ति का अनुपम दृश्य आज देखने को मिलेगा। सावन मास के अन्तिम सोमवार को सतीघाट शिव मंदिर धाम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रातः 4 बजे से भगवान शिव की भस्म आरती की जाएगी जिसके बाद प्रातः 4:30 बजे से भक्तगणों को जलाभिषेक करने पट खोल दिए जाएंगे। जिसके बाद प्रातः 10 बजे से सतीघाट में विशाल भण्डारा का आयोजन जा रहा है।

■ दिन भर होंगे विविध आयोजन

दोपहर 12:30 से महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ का भव्य आयोजन होना है। वही संध्या 6 बजे से भोलेबाबा का श्रृंगार पं धीरज शर्मा शास्त्री द्वारा किया जाएगा 7 बजे से बाबा महाकाल का श्रृंगार दर्शन एवं ढोल-बाजे के साथ महाआरती साथ ही भगवान शिव की फूलों से होली आकर्षक आतिशबाजी भोलेबाबा की संगीतमय भजन-कीर्तन व महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित होने है। जिसे लेकर पहले से तैयारियां पूर्ण कर ली है। भक्तों के आवागमन को लेकर परेशानी हो रही है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर वैकल्पिक मार्ग बनाए जा रहे है। गौरतलब है कि यह धार्मिक परंपरा कोतबा क्षेत्र में चलती आ रही है, जिसमें श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। गुप्तेश्वर महादेव धाम को लेकर लोगों की आस्था अत्यंत प्रगाढ़ है। स्थानीय कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवकों का सहयोग भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।



**पहुंचते है हजारों शिवभक्त:** सतीघाट शिवधाम में बस्ती व मंदिर के मार्ग के मध्य भैरवी नदी इन दिनों उफान पर है। जिसे हजारो श्रद्धालुओं को नदी पार कर के भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचते है। जिसके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है। नदी में पहले बच्चों के बहने से मौत भी हो चुकी है बावजूद शाशन प्रशासन द्वारा कोई सुरक्षा व्यवस्था प्रदान नहीं की जाती है। मजबूरन ग्रामीण ही श्रमदान कर वैकल्पिक मार्ग बनाते है और कार्यक्रम को सम्पन्न कराते है।

### सुरक्षा व्यवस्था नहीं दुर्घटना का अंदेशा

बसंत गुप्ता ने बताया कि सतिघाट शिवधाम पहुंचने का मार्ग अत्यंत जर्जर है। आला विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी सड़क मरम्मत का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। बोलने के बावजूद सतिघाट स्टॉप डेम निर्माण एजेंसी द्वारा नहर मरम्मत के लिए खुदाई कर सड़क को बार बार छतिग्रस्त कर दिया जा रहा है। प्रशासन का शिवभक्तों के मार्ग की मरम्मत न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

### करवाया जाएगा

सतिघाट की सड़क के लियव जलसंसाधन विभाग को व्यवस्था बनाने कहा गया था। श्रद्धलुओं को परेशानी न हो इसके लिए जो भी संभव वैकल्पिक व्यवस्था हो करवाया जाएगा।

-टीआर यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत कोतबा

# झांसा देकर करता रहा शारीरिक शोषण, कराया गर्भपात, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

फरसाबहार थाना क्षेत्र से एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां सोशल मीडिया के ज़रिए जान-पहचान के बाद फरसाबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम निवासी आरोपी युवक तुलेश्वर राम ने युवती को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण किया। युवती की शिकायत पर फरसाबहार पुलिस ने आरोपी तुलेश्वर राम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार मामले का खुलासा तब हुआ जब 19 वर्षीय पीड़िता, जो दिल्ली में रहकर काम करती थी, ने थाना फरसाबहार पहुंचकर तहरीर दी। उसने बताया कि वर्ष 2024 में उसकी जान-पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से थाना फरसाबहार क्षेत्रांतर्गत ग्राम निवासी तुलेश्वर राम (19 वर्ष) से हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ती गई और पहली बार दोनों 8 सितंबर 2024 को रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिले।



### शादी करने से किया साफ इनकार

28 जुलाई को उसने दोबारा बहला-फुसलाकर पीड़िता का शारीरिक शोषण किया। जब युवती ने शादी की बात दोहराई, तो तुलेश्वर राम ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए फरसाबहार थाना प्रभारी उप निरीक्षक विवेक कुमार भगत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई की। सूचना मिलते ही कुछ ही घंटों में आरोपी तुलेश्वर राम को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपी तुलेश्वर राम ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली में बिजली बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर फरसाबहार, ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली बस्ती में खराब ट्रांसफार्मर के कारण ठप पड़ी बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

■ ग्रामीणों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

उल्लेखनीय है कि तहसील फरसाबहार, ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली बस्ती के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में आवेदन कर बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में विषैले जीवों का खतरा भी बना रहता है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा निमटोली बस्ती में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।



# रक्षाबंधन के पूर्व राखी का बाजार सजकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आने के साथ ही शहर में राखी की दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर सजाने के लिए राखी खरीदने इन दुकानों में पहुंचने लगी हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रावण माह पूरा होने की ओर है। 4 अगस्त को माह का अंतिम सोमवार है। इसके बाद 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। श्रावण महीने की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व भाई और बहन के पवित्र संबंधों की याद दिलाता है। श्रावण मास के अग्रसर होने के साथ ही प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाए जाने वाले पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर आने लगा है। इसे लेकर शहर में राखी की दुकानें भी सजकर तैयार हो चुकी हैं। गौरतलब है कि पर्व के दौरान राखियों के लिए शहर में अस्थायी दुकानें लगाई जाती हैं। जशपुर रोड पर धर्मशाला से इंदिरा चैक तक करीब दर्जन भर अस्थायी दुकानें इस बार भी सजकर तैयार हैं। इन दुकानों में लटक रहीं रंग बिरंगी राखियां बच्चों के साथ ही बड़ों को भी आकर्षित कर रही हैं। एक दशक से भी यहां दुकान लगा रहे प्याणी राखी के संचालक निसामुद्दीन खान ने बताया कि पर्व के लिए इस बार फैंसी राखी, स्टोन राखी की बड़ी मांग है। वहीं पेयर राखी का चलन भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि आजकल बहनों में भाइयों के साथ ही भाभियों को भी राखी बांधने की परंपरा चल रही है। और इसलिए पेयर राखी की अच्छी खासी मांग होती है क्योंकि पेयर राखी में दोनों राखियां या तो एक ही डिजायन की होती हैं या फिर यदि डिजायन अलग हो तो भी उनमें रंगों का संयोजन एक समान होता है। जिससे एक साथ अपने भैया और भाभी को बांधी गई राखी अपनी छटा अलग ही बिखेरती दिखाई देती हैं। इसके साथ ही पारंपरिक राजस्थानी लुंबा और डोरी राखियां भी बिक रही हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों में कार्टून कैरेक्टरों का खासा क्रेज देखने को मिलता है। इसमें डोरेमॉन, छोटा भीम, मिक्की माउस, सिनचैन प्रमुख हैं। इसे ध्यान में रखते हुए इन सभी कार्टून कैरेक्टरों से सजी राखियां भी उन्होंने सजा रखी हैं। वहीं घड़ी और लाईट वाली राखियां भी दुकान की शोभा बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण राखियों की बिक्री धीरे - धीरे बढ़ रही हैं। अभी वे महिलाएं एवं बालिकाएं राखी लेने पहुंच रही हैं जिनके भाई दूर रहते हैं और उन्हें अपनी राखी डाक के माध्यम से भिजवानी है। सावन के अंतिम सोमवार के साथ ही राखियों की बिक्री में तेजी से बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।



## ऑपरेशन मुस्कान : कुल 32 बच्चों को परिजन के सुपुर्द किया

# पुलिस ने विभिन्न राज्यों से 7 गुमशुदा बच्चों को ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान ने एक माह के भीतर ही बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने जुलाई माह में गुमशुदा 32 बच्चों को तलाश कर उनके परिजनों को सकुशल लौटाया, जिनमें से 7 बच्चे देश के विभिन्न राज्यों गुजरात, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा से लाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार थाना सिटी कोतवाली जशपुर, नारायणपुर और बगीचा क्षेत्र के मामलों में नाबालिग बच्चियों को शादी का झांसा देकर भगाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में यदुराज वर्मा (32 वर्ष), सोनू कुशवाहा (27 वर्ष), राजेश राम यादव (27 वर्ष) शामिल हैं।



### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर शोषण

बगीचा क्षेत्र की एक नाबालिग बच्ची, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 26 जून को दर्ज हुई थी। आरोपी यदुराज वर्मा के संपर्क में इंस्टाग्राम के जरिए आई थी। आरोपी उसे शादी का झांसा देकर छिंदवाड़ा (म.प्र.) ले गया और वहां उसका शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने बच्ची को छिंदवाड़ा से दस्तयाब कर आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया। बगीचा थाने में दर्ज एक अन्य मामले में, 14 वर्षीय बालिका परिजनों से नाराज होकर महाराष्ट्र चली गई थी। वहां उसने अपनी उम्र छुपाकर एक कपड़े की फैक्ट्री में काम शुरू किया। पुलिस ने उसे जिला उदयवन से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा।

### अहमदाबाद से बरामद

नारायणपुर क्षेत्र की 16 वर्षीय बालिका को आरोपी सोनू कुशवाहा शादी का झांसा देकर गुजरात ले गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट व बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। दोकड़ा क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की 2 जुलाई को काम की तलाश में घर से निकल गई थी। पुलिस को निर्मल छाया चिल्ड्रन होम, दिल्ली से सूचना मिली कि बच्ची उनके पास है। पुलिस ने दिल्ली जाकर दस्तयाब किया। सिटी कोतवाली क्षेत्र की 17 वर्षीय नाबालिग को आरोपी राजेश राम यादव हिमाचल प्रदेश के योल, कांगड़ा ले गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### 10 साल का बच्चा पहुंच गया ओडिशा

दुलदुला थाने में दर्ज गुमशुदगी के एक मामले में 10 वर्षीय बालक रिश्तेदारों से मिलने खुद ही बस में बैठकर सुंदरगढ़ (ओडिशा) पहुंच गया था। उसे बाल कल्याण समिति सुंदरगढ़ की सूचना पर दस्तयाब कर सकुशल परिजनों को सौंपा गया।

# 12 लाख के नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सरगुजा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक युवक के पास से 12 सौ नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है जिसकी कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि 1 अगस्त को गांधीनगर पुलिस मनेन्द्रगढ़ रोड में पेट्रोलिंग पर निकली हुई थी। इस दौरान सेंट्रल स्कूल के सामने सड़क किनारे एक युवक सफेद प्लास्टिक बोरा और पिट्ठू बैग के साथ मौजूद था। युवक पुलिस को छोडकर प्लास्टिक बोरा छोड़कर भागने लगा। ऐसे में पुलिस ने जब दौड़ाकर युवक को पकड़ा तो उसकी पहचान जशपुर जिले के सन्ना कोपा निवासी 22 वर्षीय रोहित भगत आ. गोविन्द भगत के रूप में की गई। आरोपी शहर के गांधीनगर के सुभाष नगर में रहकर नशे का अवैध कारोबार करता है। पुलिस ने युवक के पास मौजूद प्लास्टिक बोरी से प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन 12 सौ बरामद किया गया। पुलिस ने जब्त किए गए प्रतिबंधित इंजेक्शन की कीमत 12 लाख रुपए आंकी है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ 22 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं इतनी बड़ी मात्रा में नशे का सामान सप्लाई करने वाले तस्कर की तलाश शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप



### बिहार चुनाव के पर्यवेक्षक बनाए गए अमरजीत कार्यकर्ताओं के साथ पटना रवाना

**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत को बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद पूर्व मंत्री श्री भगत अपने समर्थकों के साथ बिहार के लिए रवाना हुए। अपने एक सप्ताह के प्रवास के दौरान श्री भगत पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक व रायशुमारी करेंगे। बिहार चुनाव को लेकर श्री भगत के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. लालचंद यादव, पूर्व पार्षद दीपक मिश्रा, उपभोक्ता परिषद के सदस्य अभिषेक सिंह, प्रदेश संयोजक युवा कांग्रेस आदर्श बंसल, दिवाकर दुबे, जवाहर सोनी, कृष्णकांत चौबे, मनोज सोनी, मनीष पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता भी बिहार रवाना हुए।

### सरगम फाउंडेशन ने मोहम्मद रफी को किया याद



**लखनपुर।** सरगम फाउंडेशन द्वारा मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मो.रफी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। साईं सरगम के प्रमुख शिवराज सिंह, भवहीं कैलाश चौधरी, राम नगेशिया, भूपेंद्र जायसवाल, रितेश दफ्तवार, नवनीत ने उन्हें श्रध्दा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान नगर वासियों को पहली बार एक नया प्लेटफार्म दिखा जहां संगीत प्रेमियों ने उनके नगमों को सुनाया। इस दौरान सेवानिवृत्ति बीईओ सुरेश जयसवाल, शंकर सोनी, दिनेश गुप्ता, दिनेश बारी, विद्यालय सागर चौधरी, दिनेश साहू, रमेश जायसवाल, शहाबुद्दीन खान, सचिन अग्रवाल, प्रदीप गुप्त, यतेंद्र पाण्डेय, राजेंद्र जायसवाल, शैलेंद्र गुप्त, सुदामा सिंह, देवराज सिंह, अशोक पांडेय, कुलदीप अग्रवाल, लक्ष्मण रजवाड़े सहित अन्य मौजूद थे।

### पट्टाधारी ग्रामीण पर जमीन खाली करने का दबाव, प्रशासन से शिकायत



**लखनपुर।** कथित रूप से पट्टाधारी ग्रामीण को वन भूमि से बेदखल करने का आरोप लगा है। ग्रामीण ने जमीन खाली करने को लेकर बनाए जा रहे दबाव की शिकायत प्रशासन से करते हुए मदद की गुहार लगाई है। आरोप है की गाम बंधा में ठाकुर राम लोहार को जीविकोपार्जन के लिए शासन की ओर से वन भूमि का पट्टा दिया गया है। उक्त भूमि पर ग्रामीण 50 वर्षों से काबिज है और खेतीबाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहा है लेकिन अब वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त पट्टे की भूमि को वन भूमि बताकर जमीन खाली करने का दबाव बना रहे है। वहीं परिक्षेत्र अंतर्गत शोयदा व वन विभाग कार्यालय परिसर में ही अवैध रूप से कब्जा किया गया लेकिन वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालो पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत विभाग से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### सीआईएल के पेंशनधारकों को नया पीवीसी मेडिकल कार्ड होगा जारी

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया अंतर्गत पेंशन योजना से जुड़े सभी लाभार्थियों के लिए कोल मुख्यालय कोलकाता ने नई पहल की है, इसके तहत योजना से जुड़े सदस्यों के लिए नए पीवीसी मेडिकल कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।यह कार्ड न केवल अधिक टिकाऊ और पोर्टेबल होगा,बल्कि इसमें लाभार्थी से संबंधित सभी जरूरी चिकित्सकीय जानकारी भी डिजिटल फॉर्मेट में संलग्न रहेगी, इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पेंशन योजना से जुड़े सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके पति/पत्नी को कुछ आवश्यक दस्तावेज 1 से 31 अगस्त के भीतर भेजने होंगे,इन दस्तावेजों को ईमेल या व्यक्तिगत रूप से कोल इंडिया मुख्यालय में जमा किया जा सकता है, बताया जा रहा है कि कार्डधारकों के लिए यह पीवीसी मेडिकल कार्ड से मेडिकल सुविधाओं में तेज और सटीक पहचान हो सकेगी,कार्ड की लंबी उम्र और मजबूती और पुरानी कागजी कार्ड प्रणाली से छुटकारा मिल जाएगा, डिजिटल स्वास्थ्य डाटा तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेगा, यह पहल न केवल कोल इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए सम्मानजनक रहेगी,बल्कि भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रक्रिया को और भी सरल एवं पारदर्शी बनाएगी।

### केन्द्रीय जेल में आठ दिवसीय शिविर का समापन

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय जेल में चल रहे आठ दिवसीय प्रीजन प्रोग्राम का समापन अधीक्षक अक्षय राजपूत, श्री वाजपेई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। शिविर में 177 प्रतिभागी शामिल हुए जिन्हें आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक अजय तिवारी ने योग, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, ध्यान और जीवन को तनाव मुक्त जीने की प्रक्रिया सिखाई। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने अपना अनुभव साझा किया तथा शिविर से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ मिलने और प्रतिदिन योग-प्राणायाम का अभ्यास करने की बात कही।

---

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद डेढ़ साल से किया जा रहा भूमि आवंटन का इंतजार

# भूमि के अभाव में अटकी संकटग्रस्त गांवों की खैरबार समूह जल प्रदाय योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण संकटग्रस्त गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए स्वीकृत खैरबार समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण अटक गया है। शासन की सख्ती के बाद वन विभाग द्वारा खैरबार स्थित वनभूमि में स्थल का चिन्हांकन किया गया है। विभाग के अधिकारी भूमि आवंटन प्रक्रियाधीन होने एवं निकट भविष्य में भूमि उपलब्ध होने का दावा कर रहे हैं।

**खास बात**

- 6 महीने पूर्व होना था निर्माण पूरा, वनभूमि पर दर्जनों ग्रामीणों का अवैध कब्जा



शासन ने जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव एवं घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। योजना के तहत गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है। जबकि 50 से अधिक गांवों में निर्माण पूरा कर घर-घर पानी भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सरगुजा में कई गांव ऐसे भी हैं जहां भू-गर्भ में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है या फिर भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है ऐसे गांवों में समूह जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करानें का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत स्वीकृत चार समूह जल प्रदाय योजनाओं से तीन का निर्माण प्रारंभ हो गया है लेकिन खैरबार समूह जल प्रदाय योजना के लिए अब तक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना का क्रियान्वयन अटका पड़ा है। ग्राम खैरबार का बड़ा इलाका वनभूमि का क्षेत्र है। गांव में लगभग 200 हेक्टेयर खाली वनभूमि उपलब्ध है। वन भूमि के बड़े क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण भी है लेकिन समूह जल प्रदाय योजना के लिए पीएचई को भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वे लम्बे समय से इसके लिए पहल कर रहे हैं लेकिन वन अधिकारी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ रहे है। शासन की सख्ती के बाद विभाग के अधिकारियों ने वन अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया तो डीएफओ श्री जोगावत ने इसके लिए तत्काल कारगर पहल करने का आश्वासन दिया। बताया जा रहा है कि एक पखवाड़े पूर्व वन एवं पीएचई के अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर स्थल का चयन किया। वन विभाग द्वारा भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजनान्तर्गत पीएचई द्वारा बड़ी पानी टंकी एवं 7 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयत्र का निर्माण किया जाएगा तथा पाइपलाइन विस्तार कर विभिन्न 32 गांवों की टंकियों को भरा जाएगा। विभाग द्वारा योजना के निर्माण के लिए एक साल पूर्व ठेकेदार नियुक्त किया गया था तथा 27 फरवरी 2025 तक निर्माण पूरा करने की अवधि तय की गई थी लेकिन जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी तक निर्माण प्रारंभ भी नहीं हो सका है।

#### 32 गावों में होगी पानी की आपूर्ति

खैरबार समूह जल प्रदाय योजना में से विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर, लुण्ड्रा एवं भटगांव के विभिन्न 32 गांवों को शामिल किया गया है। जल-जीवन मिशन के तहत इन गांवों में पानी टंकी का निर्माण एवं घर-घर पाइपलाइन विस्तार का कार्य पूर्व में ही पूरा कर लिया है। योजना के माध्यम से लुण्ड्रा तहसील के सर्वाधिक 27 गांवों में पानी की आपूर्ति की जाएगी। लुण्ड्रा तहसील के अधिकांश गांवों में आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध नहीं है। कुछ गांवों में तो जगह-जगह ट्यूबवेल खनन कराने के बावजूद पानी उपलब्ध नहीं हो सका है। समूह जल योजना प्रारंभ होने के बाद इन गांवों में हर मौसम में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। योजना के माध्यम से ग्राम अजिरमा, असोला, बखना खुर्द, बलसेड़ी, भफौली, भगवानपुर खुर्द, भकुरा, भिट्टी कला, बढ़नी झरिया, चठिरमा, देवगढ़, डिगमा, घंघरी, रूखपुर, कंचनपुर, हसुली, करमहा, खैरबार, खलीबा, किसुन नगर, कोलडीहा, मलगवां खुर्द, रामनगर, मेंड्राकला, चिखलाडीह, नर्मदापारा, परसा, रजपुरी खुर्द, रनपुर खुर्द, सकालो, सरगवां, सोनपुरकला में पानी की आपूर्ति की जाएगी। योजना के क्रियान्वयन में हो रही लेट लतीफी एवं ग्राम खलीबा, सरगवां, बलसेड़ी एवं कोलडीहा में जल संकट की स्थिति निर्मित होने से संबंधित एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

#### बांकी डेम का पानी होगा उपयोग

खैरबार समूह जल प्रदाय योजना के तहत विभिन्न गांवों में बांकी बांध का पानी फिल्टर कर पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति किया जाएगा। फ्लोटिंग पॉट्रन के माध्यम से खैरबार स्थित फिल्टर प्लांट तक बांकी बांध तक लाया जाएगा तथा पानी को स्वच्छ कर बड़ी टंकी को भरा जाएगा। बड़ी टंकी के पानी से गांव की टंकियों को भरा जाएगा तथा घर-घर पानी की आपूर्ति की जाएगी। शासन द्वारा योजना के लिए 6125.80 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है जबकि विभाग ने ठेकेदार को 5144.39 लाख का कार्यादेश दिया है।

#### भूमि मिलते ही शुरू होगा निर्माण

वन विभाग से लम्बे समय से योजना के लिए भूमि की मांग की जा रही है। हाल ही में वन मण्डलाधिकारी की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया है। वन मण्डलाधिकारी ने शीघ्र आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। भूमि उपलब्ध होते ही निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा।

-एसके सिन्हा, ईई, पीएचई

---

## सूरजपुर जिले के लिए विकास हेतु 26 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में आधारभूत संरचना के विकास को नया आयाम मिलने जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 26 करोड़ 3 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से जिले में महत्वपूर्ण सड़कों और पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

प्रमुख स्वीकृत कार्यों में जिले के सिलपल्ली एनएच 43 से महेशपुर-लटोरी रोड तक 5.80 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य शामिल है, जिसकी लागत 1269.90 लाख रूपये है। इसी प्रकार भवरखोल से गंगापुर-कुम्पी तक 5.10 किलोमीटर लंबाई के पुल पुलिया सहित निर्माण को स्वीकृति दी गई है जिसकी लागत 729.51 लाख रूपए और विकासखंड ओडगी के मुख्य मार्ग चोंगा से भोडवानीपारा-मौहारीपारा तक कुल 4.20 किलोमीटर लंबाई के पुल पुलिया सहित निर्माण के लिए 604.03 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के स्वीकृत होने पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से सूरजपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी।

साथ ही व्यापार और कृषि से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास के हर वादे को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इन परियोजनाओं से जुड़े निर्माण शीघ्र शुरू किए जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

### किसानों को प्रदान की गई सम्मान निधि योजना से आर्थिक सहायता राशि



**शंकरगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को 2 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदान की गई। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत शंकरगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंहदेव, अमीन साय कृषि सभापति, तिलासाय जनपद सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान भी ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। साथ ही कृषको रामतील का बीज भी प्रदान किया गया।

---

### प्रोत्साहन कप फुटबाल स्पर्धा में दूसरे दिन जयनगर व कंदरई स्कूल की टीम ने जीते मैच

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में आयोजित प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कंदरई व जयनगर की टीम ने अपने मैच लिए हैं,आयोजन समिति के शशि नान्हू ने बताया कि विद्यालय स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल स्पर्धा के दूसरे दिन स्वामी आत्मानंद स्कूल बिश्रामपुर एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई के मध्य खेला गया,जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई की टीम 2-0 से विजयी रही,इसमें मैन ऑफ द मैच कंदरई के विवेक रहे।दूसरा मैच स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर व ज्ञान सागर लटोरी के मध्य खेला गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर की टीम ने 1-0 के अंतर से मैच जीत लिया है।मैन ऑफ द मैच का खिताब जयनगर के तरुण को दिया गया।मैच रेफरी की भूमिका में सुरेश, लव, अंकुश, रूपेश, रोहित, भुवन, रॉकी, बाबा सक्रिय रहे।आज शनिवार को हुए मैच के मुख्य अतिथि के रूप में नपं बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अमरेश प्रसाद उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र सेनानी परिवारों को अंत्येष्टि के लिए 25 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

देश में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की यातनाएं झेलने वाले लोकतंत्र सेनानियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, आपातकाल के समय लोकतंत्र की मशाल जलाए रखने वाले इन सेनानियों को अब उनकी मृत्यु के उपरांत राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि और 25 हजार रुपए की सहायता राशि उनके परिजनों को दिए जाने का निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिया गया है,ज्ञात हो कि राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को लिए इस निर्णय के अनुसार लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तहत राजनीतिक या सामाजिक कारणों से निरुद्ध रहे सेनानियों को सम्मान देने हेतु वर्ष 2008 में बनाए गए नियम में संशोधन कर यह नई सुविधा जोड़ी गई है। लोकतंत्र सेनानी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव बिश्रामपुर निवासी कुलवंत सिंह ने इस फैसले पर सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं,बल्कि एक सांस्कृतिक और नैतिक कर्ज को चुकाने जैसा कार्य है।उन्होंने कहा कि इससे न केवल जीवित सेनानियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि उनके परिवारों को यह महसूस होगा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया।उन्होंने विशेष रूप से अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संघ के उपाध्यक्ष सच्चीदानंद उपासने को धन्यवाद ज्ञापित किया है,जिनके सतत प्रयासों से लोकतंत्र सेनानियों को लगातार सम्मान, सुविधाएं और पहचान मिल रही है।

## घाट पेंडारी मुख्य मार्ग पर पलटा ट्रेलर, वाहनों की लगी लंबी कतार

**प्रतापपुर।** डेंजर जॉन बना घाट पेंडारी घाट में वाहनों के दुर्घटना गस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन लोगों की मौत और हादसा होते रहते है।

- घंटो जाम रहा मार्ग, लोग परेशान

आज सुबह टैंकर जहां खाई में गिर गई वहीं सड़क पर ट्रेलर के पलट जाने से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे घंटो जाम लगा रहा।

प्रतापपुर-अंबिकापुर बनारस मुख्य मार्ग का यह सड़क मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग में एक है7 पहाड़ी क्षेत्र से गुजरने तथा घाट कटिंग सही से नहीं होने के कारण लंबी चढ़ाई और घुमाऊ दार रास्ता होने के कारण वह नए-नए चालक के लिए काफी खतरनाक है।

आज सुबह चालक की लापरवाही से घाट भंडारी के खाई में टैंकर गिर गई, वहीं मुख्य मार्ग पर ट्रेलर पलट जाने के कारण घाट पेंडारी मार्ग में सुबह 8 बजे से जाम लग गई। सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लगभग 10 घंटा तक लोग जाम में फंसे रहे। दोनों ओर लगभग 20 किलोमीटर का लाइन लग गया। जिससे लोग परेशान होने लगे। यात्री बस के जाम में फंस जाने से यात्री लगेज व सामान लेकर परेशान होते रहे। वाहनों की लंबी कतार लग जाने की जानकारी प्राप्त होने के पुलिस बल मौके पर रवाना हुई। सड़क पर पलटे हुए ट्रेलर को घाट के बीचो-बीच से हटाने के लिए वहां पहुंचने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इधर करीब 10 घंटा से जाम में फंसे रहे यात्री पैदल ही प्रतापपुर पहुंचे।



---

### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 345 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला ग्राम दुरती मे आयोजित किया गया। आयुष स्वास्थ्य शिविर में 345 रोगियों की जांच की गई तथा दवा वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्रीमति शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि आयुर्वेदिक दवाइयों से कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं होता और बीमारियों को जड़ से ख़त्म करने की क्षमता है। उन्होने , सभी को आयुर्वेद चिकित्सा कराने की बात कही। सभी अपने अपने जीवन शैली में बदलाव लाने एवं छोटे रोगों सर्दी खासी से लेकर गैर संचारी रोगों बीपी, डायबिटीज और कैंसर जैसे गंभीर रोगों के उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से बिना किसी साइड इफ़ेक्ट से कराना संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए हमें आयुर्वेद को शुरुआत से ही अपने खान पान में शामिल कर अपने जीवन शैली में बदलाव करने के साथ साथ प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने शिविर में आयोजित स्कूली बच्चों द्वारा औषधि पौधों के स्टॉल एवं पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शिनी का अवलोकन कर आयोजन समिति की सराहना की। दुरती हायर सेकेंडरी स्कूल के 11 वीं 12वीं के स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी।

छात्रों द्वारा आयुर्वेद के विभिन्न विषयों के तहत पोस्टर, औषधि पौधों की प्रदर्शनी करते हुए औषधियों की उपयोगिता के बारे में अतिथियों एवं ग्रामीणों को जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान वालों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं उपहार से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।



---

सीएम मशीन ब्रेक डाउनः सुधार कार्य में लग रहे अतिरिक्त समय, उत्पादन में आई भारी गिरावट

## गायत्री खदान स्थित गैंनवेल कंपनी के इंजीनियरों के काम छोड़ने से मशीन का काम हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर




एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री खदान में सीएम मशीन के समय-समय पर ब्रेक डाउन हो जाने के कारण खदान का कोयला उत्पादन में गिरावट आ रही है।बता दें कि वर्ष 2023 जनवरी में इस खदान से कोयला उत्पादन का जिम्मा एसईसीएल ने निजी कोयला उत्खनन कंपनी कोलकाता की गैंनवेल प्राइवेट लिमिटेड को डेढ़ दशक का अनुबंध कर कोयला उत्पादन का कार्य सौंपा गया है। निजी कंपनी द्वारा आधुनिक तकनीक कंटिन्यूअस माइनर मशीन के जरिए जनवरी 2023 से यहां कोयला उत्खनन का कार्य शुरू किया था।

शुरुआत में नई मशीन और कुशल इंजीनियरों की देखरेख में कोयला उत्खनन का कार्य आरंभ हुआ और यह खदान बिश्रामपुर क्षेत्र की इकलौती खदान थी जिसने सलाना उत्पादन लक्ष्य आठ लाख अस्सी हजार टन कोयला उत्पादन कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया था।अब सीएम मशीन स्थापना के दो वर्ष हो चुके हैं,ऐसे में मशीन पुरानी होने के साथ कंपनी के कुशल इंजीनियरों की पूरी टीम जिसमें 22 इंजीनियर शामिल थे जो हाल ही में गैंनवेल कंपनी को छोड़ ऊँचे दर के सालाना पैकेज में दूसरी अन्य कंपनी को ज्वाइन कर लिया है।बताया जाता है कि 22 इंजीनियरों की जो कार्य में दक्ष टीम थी उसके चले जाने के बाद गायत्री खदान की सीएम मशीन के ब्रेक डाउन हो जाने के दौरान सुधार कार्य में काफी समय लग जाने के कारण अतिरिक्त विलम्ब से इसका सीधा प्रभाव खदान के कोयला उत्पादन पर पड़ा है।वर्तमान में गायत्री खदान से महज 1800 से 2000 टन ही कोयला उत्पादन हो रहा है, पूर्व में यही खदान 3500 टन या उससे अधिक कोयला उत्पादन रोजाना कर लेती थी।गत वर्षों के मुकाबले गायत्री खदान से कोयला उत्पादन में आई गिरावट से प्रबंधन और निजी कंपनी दोनों परेशान हैं।

वर्तमान में इस खदान में दो सीएम से कोयला उत्खनन का कार्य किया जा रहा है।बता दें कि वर्तमान में जून के मध्य से शुरू हुई बारिश पूरे जुलाई में तेज और सामान्य वर्षों के अपेक्षा में बारिश अधिक होने से ओपन कास्ट खदानों में इसका सीधा असर हुआ है।ओपन कास्ट खदान में जहां कोयला उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हूआ है जिससे क्षेत्र का उत्पादन का ग्राफ नीचे गिर गया है,बिश्रामपुर क्षेत्र में दो ओपन कास्ट सरगुजा जिले की अमेरा खुली खदान व सूरजपुर जिले की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना संचालित है।कोल इंडिया की पहली एमडीओ माइन केतकी भूमिगत परियोजना की हालत अब धीरे धीरे सुधरने लगी है,यहां भी निजी कोयला खनन कंपनी संचेती माइनिंग ग्रुप एसएमएस द्वारा लगातार कोयला उत्पादन बढ़ाने जोर शोर से प्रयास किया जा रहा है और पहले के मुकाबले कोयला उत्पादन भी बढ़ा है। बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बताया कि कुमदा 7-8 खदान में डी वाटरिंग शुरू किया गया है,पानी सुखा लेने के बाद यहां कोयला उत्पादन शीघ्र शुरू होने के उम्मीद है जबकि बलरामपुर खदान के सीटीओ के लिए पब्लिक हियरिंग जन सुनवाई के लिए प्रक्रिया जारी है।बारिश के कारण क्षेत्र का कोयला उत्पादन प्रभावित हूआ है, बारिश के मौसम के बाद कोयला उत्पादन पूरी गति के साथ शुरू किया जायेगा।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बाइक की टक्कर एवं बाइक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बाग बहार अंतर्गत ग्राम कोकरी चोली निवासी सूरज कुमार यादव आ. इंदल साय (19 वर्ष) 31 जुलाई की शाम को पत्थलगांव से संदीप व पवन के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही रात 9.30 बजे ग्राम लझिया पारा चौक के समीप पहुंचे तभी बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया जबकि सूरज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां देर रात चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया वहीं घायल पवन का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं दूसरी घटना में केदमा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बनकेसमा निवासी सुखनी बाई पति चंदर किशोर कोरवा (35वर्ष) पिछले कुछ दिनों से परिवार के साथ सकालो बंगाली पारा में किराए के घर में रह रही थी। बीती रात 8 बजे हैंडपंप में पानी लेने जा रही थी। तभी बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



# ‘सन ऑफ सरदार 2’ में रोहित शेट्टी को देख झूम उठे दर्शक

**मुंबई।** पिछले काफी समय से दर्शकों को अजय देवगन की फिल्म ‘सन ऑफ सरदार 2’ का इंतजार था। अब आखिरकार 1 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करेगी। ‘सन ऑफ सरदार 2’ में लोकप्रिय निर्देशक रोहित शेट्टी ने कैमियो किया है, जिसकी पहले किसी को खबर नहीं थी। ‘सन ऑफ सरदार 2’ में रोहित को देखकर दर्शक खुशी से झूम उठे। फिल्म में उनका कुछ सेकंड का ही कैमियो है। कहा जा रहा है कि इसी के साथ रोहित और अजय ने फिल्म ‘गोलमाल’ की पांचवीं किस्त का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।

## लाइफ Style

# जाह्नवी



जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म ‘परम सुंदरी’ में दिखने वाली है। यह पहले बीती 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

## ‘परम सुंदरी’ की नई रिलीज तारीख जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अजय देवगन की फिल्म ‘सन ऑफ सरदार 2’ से बचने के लिए फिल्म को रिलीज टाल दी गई। हालांकि, ये नहीं बताया कि फिल्म पर्दे पर कब आएगी और अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तने बनी यह फिल्म अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज का ऐलान हुआ है। पोस्ट में लिखा है, ‘दिनेश विजान आपके लिए लेकर आ रहे हैं साल की सबसे बड़ी प्रेम कहानी ‘परम सुंदरी’। यह 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।’ ‘परम सुंदरी’ का टीजर मई में आया था। इसमें सिद्धार्थ को उत्तर भारत के लड़के परम और जान्हवी को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइनें भी सुनने को मिली थीं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हो उठे थे। हालांकि, अभी इसके पर्दे पर आने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# एक हफ्ते में सिमटी कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** एक्शन, एडवेंचर से भरपूर हॉलीवुड फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर’ को भारत में शुरुआती दिनों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन एक हफ्ता पूरा होते ही इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट कर रह गई है। जानिए, आज मार्वल स्टूडियोज की इस सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप’ ने 7वें दिन 46 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 26.35 करोड़ रुपये हो चुका है।



# छह साल बाद ‘ड्यून पार्ट 3’ के लिए बदला लुक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म ‘ड्यूनः पार्ट थ्री’ के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, ‘सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस’। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि फिल्म में भी डंकन का किरदार उसी तरह से वापस आएगा या किसी और तरीके से वापसी करेगा।



# हवाई अड्डे पर पैपराजी पर भड़कीं रिया


**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रिया को हाल ही में मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कुछ तस्वीरें खिंचवाने का आग्रह किया। इसके बाद रिया ने मुस्कुराते हुए तस्वीरें खिंचवाने के लिए पोज दिया। हालांकि, इस दौरान वह अच्छे मूड में नहीं थीं और वह तमाम पैपराजी पर भड़क गईं। रिया वीडियो में पैपराजी को डांटती नजर आ रही हैं। रिया ने पैपराजी से कहा, अब मेरे पीछे मत आओ। मैंने तस्वीरें दे दी हैं, बाय। इसके बाद वह तुरंत वहां से चली गईं। इस वीडियो पर प्रशंसक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, ‘कितना घमंड है।’ एक अन्य ने लिखा, ‘भाई तुम लोगों का इतना दिन खराब हो गया कि इसे भाव देते हो।’



# द राजा साब की रिलीज एक बार फिर टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछले काफी समय से फिल्म ‘द राजा साब’ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह हॉरर कॉमेडी फिल्म पहले इस साल 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर, 2025 के लिए टाल दिया गया। अब खबर आ रही है कि ‘द राजा साब’ के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज टाल दी है। ‘द राजा साब’ को अब अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस लिहाज से यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अगर निर्माताओं ने ‘द राजा साब’ की रिलीज को टाला तो बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की ‘धुरंधर’ और शाहिद कपूर की ‘रोमियो’ से नहीं होगा।

## टीवी मसाला



# ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ में पति राघव संग आएंगी परिणीति

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ का तीसरा सीजन पहले दिन से ही दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो के नए एपिसोड का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है। शो में नए एपिसोड में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अपने पति और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के साथ नजर आने वाली हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ के नए प्रोमो में परिणीति और राघव शो के होस्ट कपिल के साथ खूब मस्ती और बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, ‘हंसी की सेंसेशंस होगी हर बार, क्योंकि राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा आ रहे हैं इस फनीवार।’ ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ के इस एपिसोड को आप 2 अगस्त को रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## ‘क्योंकि सास...’ के नए सीजन में पुराने कलाकारों की कमी दर्शकों को खली

एकता कपूर के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी’ के दूसरे सीजन का शानदार आगाज हो गया है। इस शो के अब तक 2 एपिसोड टेलीकास्ट हो गए हैं, जिसे देखकर दर्शकों की पुरानी यादें ताजा हो गईं। करीब 25 साल बाद स्मृति ईरानी एक बार फिर तुलसी बनकर लौटी हैं। हालांकि, इस बार कुछ ऐसे कलाकार शो से गायब हैं, जो पहले सीजन का अहम हिस्सा थे ‘क्योंकि सास...’ के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नहीं दिख रही हैं। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। इस शो में बा विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। शो में तुलसी की सास सविता का किरदार अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि पुराने सीजन में उनकी मौत को दिखाया गया था। ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी’ में तुलसी के बड़े बेटे गौतम का किरदार सुमित सचदेव ने निभाया था, लेकिन वह शो के नए सीजन में नजर नहीं आ रहे हैं।



# विजय की ‘किंगडम’ ने कमाई में पछाड़ा कुबेर और ठग लाइफ को

**मुंबई।** काफी समय से विजय देवरकोंडा फिल्म ‘किंगडम’ को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, जिसका हिंदी नाम ‘साम्राज्य’ है। फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी विजय के एक्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। ‘सैयारा’ के तूफान के बीच ‘किंगडम’ ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आइए जानें फिल्म के खाते में पहले दिन कितने करोड़ रुपये आए।

***पहले दिन फिल्म ने छापे इतने नोट*** : बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, ‘किंगडम’ ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को 15.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। वीकेंड पर फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है। ‘किंगडम’ ने धनुष की ‘कुबेर’ (14.75 करोड़) और कमल हासन की ‘ठग लाइफ’ (15.5 करोड़) के पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया है।



### *‘किंगडम’ में नजर आ रहे ये कलाकार*

*‘किंगडम’ में विजय एक गुप्त मिशन पर निकले भारतीय जासूस ‘सूरी’ का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनका दमदार एक्शन देखने लायक है। ‘किंगडम’ के निर्देशन की कमान गौतम तिन्नानुरी ने संभाली है, जिन्हें शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म ‘जर्सी’ (2022) के लिए जाना जाता है। फिल्म की कहानी भी गौतम ने ही लिखी है। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में सत्यदेव और भाग्यश्री बोरसे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।*

# अजय देवगन की फिल्मों ने की जमकर कमाई, कई तो बुरी तरह पिटीं

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन साल 2012 में आई अपनी फिल्म ‘सन ऑफ सरदार’ का सीक्वल लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हो गए हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस कॉमेडी फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको अजय की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**‘औरों में कहां दम था’**: शुरुआत करते हैं फिल्म ‘औरों में कहां दम था’ से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी थी। जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर ने भी इस फिल्म में अभिनय किया था। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। ‘औरों में कहां दम था’ ने दुनियाभर में केवल 15.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

**‘सिंघम अगेन’** : इस फेहरिस्त में दूसरा नाम फिल्म ‘सिंघम अगेन’ है। इसमें अजय के




अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी नजर आए थे। लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट वाली इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर पाई। 350 करोड़ रुपये की लागत में बनी ‘सिंघम अगेन’ ने दुनियाभर में 372.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

**‘नाम’** : पिछले साल के अंत में अजय फिल्म ‘नाम’ लेकर आए थे। यह फिल्म अपने बनने के 10 साल बाद हुई थी। दरअसल, फिल्म की शूटिंग 2014 में पूरी हो गई थी, लेकिन निर्माता की मौत के चलते फिल्म 10 साल बाद रिलीज हुई। हालांकि, यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। ‘नाम’ ने टिकट खिड़की पर सिर्फ 72 लाख रुपये कमाए थे। यह फिल्म अब तक किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आई है।

**‘आजाद’**: अजय की फिल्म ‘आजाद’ को 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म से अजय के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड मे कदम रखा था। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। 80 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 8 करोड़ रुपये कमाए थे। ‘आजाद’ ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**‘रेड 2’**: पिछली बार अजय फिल्म ‘रेड 2’ में नजर आए थे, जो 1 मई, 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म का दर्शकों ने जमकर मनोरंजन किया। इसमें वाणी कपूर और रितेश देशमुख ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

## इमोशनल और इंटेंस सीन गहराई से छू रहे हैं दर्शकों को

# ‘धड़क 2’: तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म ‘धड़क 2’ का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी इस फिल्म की कहानी और तृप्ति-सिद्धांत की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं।

### लोगों को पसंद आई तृप्ति-सिद्धांत की जोड़ी

‘धड़क 2’ महज एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्म-सम्मान, सामाजिक संघर्ष और प्यार की कीमत जैसे गहरे और संवेदनशील विषयों को भी छूती है। तृप्ति और सिद्धांत की जोड़ी को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। इस रोमांटिक ड्रामा में तृप्ति ने विधि और सिद्धांत ने नीलेश की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके इमोशनल और इंटेंस सीन दर्शकों को गहराई से छू रहे हैं।

### हकीकत दिखाती है यह फिल्म

‘धड़क 2’ की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, ‘कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर ‘धड़क 2’ दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है।’ एक यूजर फिल्म को 4 स्टार देते हुए लिखते हैं, ‘तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी बेहद शानदार है। यह बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखें।’



### इस फिल्म की जान हैं तृप्ति

एक यूजर ने लिखा, ‘सामाजिक मुद्दों पर बनी एक फिल्म में 2 खूबियां होनी चाहिए यानी कहानी कहने में साहस और अभिनय में ईमानदारी। धड़क 2 में ये दोनों खूबियां कूट-कूट कर भरी हैं। सब कुछ जमता है। अभिनय, संवाद, भावनात्मक गहराई, प्रतिशोध के प्रति गुस्सा और संदेश।’ दूसरे लिखते हैं, ‘तृप्ति फिल्म में सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रही हैं, बल्कि वे विधि का भी रूप धारण कर रही हैं। यह उनका अब तक का सबसे बेहतरीन काम है।’

### ‘धड़क 2’ के बारे में जानिए

इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। राहुल बडवेलकर ने इस फिल्म की कहानी शाजिया के साथ मिलकर लिखी है। सिद्धांत और तृप्ति के अलावा इस फिल्म में आशीष चौधरी, विपिन शर्मा, मंजिरी पुपला, दीक्षा जोशी, अशवंत लोधी, अमित जाट, प्रियांक तिवारी, मयंक खन्ना और आदित्य ठाकरे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि ‘धड़क 2’ साल 2018 में आई फिल्म ‘धड़क’ का सीक्वल है।

## खबर संक्षेप



### देवेन्द्र सिंह होंगे पुसौर के नए सीएमओ

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में सीएमओ के पद पर एसके दुबे दो बार पदस्थ हुए, जिसमें इनका पहले का कार्यकाल लगभग दो साल का रहा है और वर्तमान लगभग डेढ वर्ष तक अपनी सेवाएं देने के बाद ये सेवा निवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी एवं उपाध्यक्ष उमेश साव ने साल श्रीफल देकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन बिताने की शुभकामनाएं दी। वहीं इसी कार्यक्रम के बीच ही किरोडीमल नगर पंचायत के सीएमओ देवेन्द्र सिंह ने पुसौर सीएमओ का पदभार ग्रहण किया। जानकारी के मुताबिक पुसौर में एसके दुबे का दो कार्यकाल लगभग साढे तीन साल का रहा इस बीच कहीं किसी प्रकार का किसी जनप्रतिनिधि अथवा आम जनता के साथ कोई शिकायत नहीं रही। नवपदस्थ सीएमओ सिंह ने नगर के पदाधिकारियों को मुखातिब होकर कहा कि परिषद सर्वोपरि होता है। जनभावनाओं का आदर करते हुए नगर हित में निर्णय लिए जाएंगे जिसमें निष्पक्षता और संतुलन अवश्य ही रहेगा।

### नपं लैलूंगा में मुक्तिधाम का होगा निर्माण

**लैलूंगा।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर नगर पंचायत लैलूंगा में मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए डीएफएफ फंड से 1 करोड़ 17 लाख 47 हज़ार 962 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्थानीय लोगों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। यह महत्वपूर्ण स्वीकृति लैलूंगा क्षेत्र की जनसुविधा एवं सामाजिक संरचना को और सुदृढ़ करेगी।

### बांसउरकुली में बच्चों को स्लेट और पेंसिल वितरित

**बिलाईगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली में गरीब तथा आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चों को निःशुल्क स्लेट और पेंसिल वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई की आधारभूत सामग्री उपलब्ध कराना और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना है। इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानपाठक एवं शिक्षकों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना ने बच्चों को स्लेट एवं पेंसिल सौंपते हुए कहा कि यह सामग्री उन्हें प्राथमिक शिक्षा में मदद करेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेगी। वितरण के पश्चात कई बच्चों ने बताया कि इससे उनकी पढ़ाई आसान होगी और वे अपनी सामग्री खुद संभाल सकेंगे। स्कूल के शिक्षक जितेन्द्र गिरि गोस्वामी ने कहा यह न केवल सामग्री प्रदान करने की पहल है बल्कि यह बच्चों की आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाती है। शिक्षा हर बच्चे का हक है और यह कदम उस हक को सच करने की दिशा में है।

### खरसिया में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**खरसिया।** रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने हेतु विशेष पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। इस पहल के तहत ग्राम पंचायत जोबी में 500 और ग्राम पंचायत नावापारा पश्चिम के चारागाह में 480 पौधों का रोपण कर प्रधानमंत्री आवास वाटिका का निर्माण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, पंच, सरपंच, रविन्द्र गबेल, महेश साहू, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा भी पौधरोपण करते हुए आवास वाटिका का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर समय पर आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों का उन्मुखीकरण किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को पौधों के संरक्षण, देखभाल तथा वाटिका के महत्व के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

### जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत में खराब गुणवत्ता पाए जाने पर होगी कार्रवाई

# आंबा केंद्रों में बिजली, खेल सामग्री व अन्य मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविरों की सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही शिविरों में पेयजल, टेंट और विद्युत जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन, पंखाए खेल सामग्री सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जर्जर एवं भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली और सूची भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत कार्यों की खराब गुणवत्ता और अधूरे रंग रोगन की जानकारी मिलने पर सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदारों पर जांच उपरांत कार्रवाई की बात कही। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप, सभी सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### मातृ वंदना योजना की प्रगति पर जताया संतोष

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए जिले की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान काम न कर पाने से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई करना है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पहले बच्चे के जन्म पर महिला को दो किश्तों में कुल पांच हजार रुपए दिए जाते हैं। वहीं दूसरी संतान बालिका होने पर एकमुश्त छह हजार रुपए का प्रावधान है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक सुनिश्चित किया जाए और शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए।

#### आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास जल जमाव की स्थिति न बने

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास बारिश के दौरान जल जमाव की स्थिति न बनने देने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को जल जनित रोगों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी आँगनबाड़ी के आसपास जल जमाव की स्थिति हो तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए चल रहे हमर स्वस्थ लइका अभियान की भी जानकारी लेते हुए जिले में इसका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण ट्रैकर की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सीडीपीओ एवं सेक्टर सुपरवाइजरों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां बच्चों की उपस्थिति कम है वहां विशेष प्रयासों से उपस्थिति बढ़ाई जाए।

# कोल डिपो में ट्रेलर चालक की मौत सुपरवाइजर पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




भूपदेवपुर स्थित खाटू श्याम कोल डिपो में 28 मई को कोयला के मलबे में दबकर ट्रेलर चालक की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच में पुलिस ने डिपो के सुपरवाईजर व लोडर चालक की लापरवाही पाई है। वहीं मर्ग जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार झारखण्ड के गढ़वा जिला अंतर्गत ग्राम दुबे मरहतीया निवासी फूलचंद कुमार उरांव पिता स्व नारायण उरांव पेशे से ट्रेलर चालक था। फूलचंद वर्तमान में रायगढ़ में रहकर ट्रेलर चलाने का काम कर रहा था। बीते 28 मई की रात को वह भूपदेवपुर थानांतर्गत नलवा साईडिंग के पास उच्च भिठ्ठी में स्थित खाटूश्याम कोलडिपो में कोयला लोड करने के लिए ट्रेलर लेकर गया था। डिपो में लोडर से वाहन को लोडकर दिया गया था, लेकिन वाहन वही खड़ी रहने व वाहन चालक फूलचंद के नहीं रहने पर उसकी आसपास साईडिंग एरिया में पतासाजी की गई तथा उसके नहीं मिलने से ट्रेलर को खाली करा रहे थे तभी उक्त ट्रेलर में नीचे कोयला से दबा हुआ फूलचंद मृत अवस्था में मिला। इस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था।

वहीं पुलिस जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि ट्रेलर चालक फूलचंद तडक़े 4 बजे यार्ड में वाहन को खड़ी करते हुए डाला में चढक़र देख रहा था तभी लोडर वाहन के चालक विनोद सिंह लापरवाही पूर्वक लोडर चलाते हुए कोयला लोड कर दिया। जिससे कोयले के मलबे में दबने से फूलचंद की मौत हो गई थी। वहीं कोल डिपो का सुपरवाईजर महेश कुमार चौहान के देखरेख में शिथिलता बरतने व लापरवाही के कारण यह दुर्घटना घटित होना पाया गया। इस पर पुलिस ने लोडर चालक विनोद सिंह एवं डिपो के सुपरवाईजर महेश कुमार चौहान के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# 5 को चन्द्रपुर के श्याम मंदिर में झूलनोत्सव का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



खाटू श्याम भजन संध्या, एक ऐसा अद्वितीय आध्यात्मिक आयोजन है जो न केवल भक्तों को संगीत और भक्ति की मधुर धुनों से सजीव करता है, बल्कि उनके दिलों में एक ऐसी आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है, जो शब्दों से कहीं अधिक गहरी और अर्थपूर्ण होती है। यह आयोजन केवल एक संगीत सभा नहीं है, बल्कि एक ऐसा पवित्र मंच है जहां भक्तों की भावनाएं सीधे बाबा श्याम के चरणों तक पहुंचती हैं। इस आयोजन के जरिए लाखों श्रद्धालु एक दूसरे से जुड़े होते हैं, और इसे भक्तिए प्रेम और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम माना जाता है।

आने वाली श्रावण पुत्रदा एकादशी 5 अगस्त को मां चंद्रहासिनी की पावन धरा चंद्रपुर के श्री श्याम मंदिर में श्याम सेवक संघ चंद्रपुर द्वारा ऐसा ही एक भव्य आयोजन श्याम झूलनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्री श्याम प्रभु का हरित श्रृंगार होगा पूजा अर्चना होगी और संध्या में 7 बजे से बाबा के भजन का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में बाबा को रिझाने एवं भक्तों की बात अपने भजनों के माध्यम से बाबा तक पहुंचाने प्रसिद्ध भजन गायक गौरव दत्त तिजारा से और प्रियांशु मित्तल रायपुर से आ रहे हैं। श्याम प्रभु की निशान यात्रा शाम 5 बजे गोपाल महाप्रभु मंदिर से शुरू होकर श्याम मंदिर तक जाएगी। सेवक संघ से मिली जानकारी के अनुसार भजन में आने वाले भक्तों के लिए रात्रि में श्याम रसोई का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों द्वारा बाबा की सेवा के रूप में प्रसाद और दरबार की सजावट के लिए तो कहीं से छप्पन भोग और बाबा के पान और श्रृंगार की सेवा मिली है जिसको श्याम सेवक संघ ने सहर्ष स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। बाबा को झूलाने के लिए झूले की व्यवस्था की गई है। इस आयोजन को लेकर लोगो में खासा उत्साह है। श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट मंडल ने भी इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि युवाओ द्वारा सामने से आ कर बाबा की सेवा में भजन देने की ये सोच सराहनिय और प्रशंसनीय है। श्री श्याम सेवक संघ ने भी मंदिर ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए इस निवेदन को स्वीकार करने और इस आयोजन में मंदिर ट्रस्ट मंडल के अहम सहयोग भूमिका के लिए मंडल का धन्यवाद व्यक्त किया है।

### शाउमावि कटाईपाली सी में पौधरोपण संपन्न

**रायगढ़।** पर्यावरण के प्रति जागरूकता व पेड़ों के महत्ता व उपयोगिता को प्रतिपादित करते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम पर एवं द्रौपदी रामदास फाउंडेशन रायगढ़ के पर्यावरण संरक्षण महाअभियान के संयुक्त तत्वावधान में फाउंडेशन के सहयोग से पौधरोपण महाअभियान का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के नर्सरी हेड श्रीराम यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमारा यह अभियान सतत चलते रहता है और जहां पर भी ऐसा अवसर मिलता है हम सहयोग करते है, लेकिन आज का यह अभियान हमारे लिए अदभुत है। यहां पर माताएं बच्चे और शिक्षक शिक्षिकाये सभी पूरे उत्साह के साथ लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आप सभी अपने विशेष अवसर पर पौधरोपण करें हम आपको पेड़ उपलब्ध कराएंगे।

# कलेक्टर ने बरमकेला में देखी मिर्च और पामऑयल की खेती



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने शुक्रवार को बरमकेला ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जामदलखा गांव में मिर्च और पामऑयल की संयुक्त खेती का निरीक्षण कर किसान श्रीमन भोई से सीधा संवाद किया। उन्होंने महुआ पेड़ के नीचे क्षेत्र के किसानों के साथ चर्चा कर परंपरागत धान फसल के स्थान पर जैविक खेती और लाभकारी नकदी फसलों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया। किसान ने 5 एकड में खेती की है। उसे इस खेती के लिए अब तक 32 हजार का लाभ मिल चुका है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर मिर्च की खेती की स्थिति का जायजा लिया और किसानों से उत्पादन, बाजार मूल्य, कौन से बाजार में बिक्री और लागत से संबंधित जानकारी प्राप्त की और इसे संभावनाओं से भरी खेती बताया। कलेक्टर कन्नौजे ने मौके पर उपस्थित किसानों को बताया कि जलवायु और मिट्टी की स्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र में फसल विविधीकरण की भरपूर संभावनाएं हैं। जैविक खेती और फसल बदलाव से न केवल आय में वृद्धि हो सकती है, बल्कि भूमि की गुणवत्ता भी बनी रहती है। सरकार धान के बदले अन्य दहलन तिलहन की फसल लेने पर अनुदान दे रहा है उसका भी लाभ सभी किसान उठाएं। इससे भूमि की उपजाऊ भी बना रहेगा और अनुदान की राशि भी खेती में सहायक होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रशिक्षण और संसाधन हमेशा उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन स्तर पर उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। यह दौरा क्षेत्र में कृषि के नवाचार और सुधार की दिशा में एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# अभिनव स्कूल में मनाया गया संबलपुरी डे



**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचा रायगढ़ जिला ओड़िशा राज्य में शामिल रहा और वह संबलपुर जिला अंतर्गत आता था इस आशय से इस क्षेत्र में आज भी लोग ओडिया बोलने-लिखने के साथ ही इसकी संस्कृति को निभाते हुए आ रहे हैं।

इसमें खासकर खानपान और कपड़े भी होते हैं जिसे क्षेत्र के लोग बड़े ही शौक से अंगीकार करते हैं। छत्तीसगढ़ के बोरे बासी दिवस और ओडिशा के पखाल दिवस इस बात का द्योतक है कि दोनों प्रदेश की खानपान में भी विशेष अंतर नहीं हैं। इसमें ओडिशा संबलपुर के संबलपुरी कपड़े, साड़ी, गमछा, धोती, सूट आदि देश के कई प्रदेशों में काफी लोकप्रिय है और लोग बड़े ही उत्साह और गर्व के साथ उपयोग में लाते रहे हैं। इसलिए पश्चिम ओड़िशा क्षेत्र में 1 अगस्त को मनाए जाने वाले उक्त संबलपुरी दिवस को अपने छात्रों के साथ पारंपरिक रिति रिवाज अनुसार मनाया गया। जिसमें प्रथमपाली के प्रायः सभी छात्र एवं स्टाफ संबलपुरी वस्त्र पहने मिले और संबलपुरी लोक गीत और नृत्य आदि के साथ उक्त संबलपुरी दिवस को गौरवपूर्ण ढंग से पालन किया गया।

# चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अशोक



**खरसिया।** छत्तीसगढ़ चेम्बर एंड कामर्स इंडस्ट्रीज द्वारा वर्ष 2025-2028 के लिए प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। चेंबर की प्रदेश कार्यसमिति में नगर के जुझारू एवं व्यापारियों के हितों के साथ हमेशा उनके कंधे से कंधा मिलाने वाले कृषि उपज मंडी सदस्य अशोक अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष बने हैं।

श्री अग्रवाल के प्रदेश चेंबर उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता, छाया विधायक महेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, चेंबर पदाधिकारियों, नगरवासियों सहित व्यापारियों ने अपनी बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि खरसिया नगर के प्रतिष्ठ फर्म दीपक टेडर्स के संचालक एवं कृषि उपज मंडी सदस्य अशोक कुमार अग्रवाल एवं नगर के अन्य 25 व्यापारियों द्वारा चेंबर का कार्य प्रारंभ किया गया था। जो आज एक वटवृक्ष बन चुका है। आज चेंबर में 189 सदस्य है। नगर में चेंबर को नाम व पहचान दिलाने में अशोक अग्रवाल की महती भूमिका रही इसे कोई नकार नहीं सकता। इसके पश्चात चेंबर द्वारा अशोक अग्रवाल को खरसिया नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया जिसे वे लगातार संभालते हुए आ रहे थे। किंतु इसी बीच चेंबर स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें नगर के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही थी तब चेंबर आफ कामर्स खरसिया नगर के अध्यक्ष होने के नाते अशोक अग्रवाल ने इस कार्यवाही का विरोध किया एवं स्थानीय प्रशासन से कोई बीच का रास्ता निकालने का काफी प्रयास किया किंतु इस प्रयास में सफल नहीं हो पाने पर अशोक अग्रवाल ने नगर के व्यापारियों के हित में कार्य कर पाने में अपने आपको असमर्थ महसूस करते हुए दुखी मन से अपना इस्तीफा सौंप दिया किंतु उन्होंने चेंबर आफ कामर्स का साथ नहीं छोड़ा और एक सामान्य सदस्य होने के नाते इन्होने नगर के व्यापारियों के मांगो को लेकर हमेशा मुखर रहे।

# तंबाकू नियंत्रण कानून का उल्लंघन करने पर हुई चालानी कार्रवाई



**कटेली।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार डॉ एफ आर निराला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के सहयोग से कोटपा अधिनियम 2003 के तहत सख्त कार्रवाई की गई। धारा 4, धारा 6, और 6 बी के तहत 49 चालान काट कर चालान राशि 8750 जमा किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ ब्लॉक में 15 चालान काट कर 2400 रूपए जमा किए गए।

जिले में सभी ब्लॉक में प्रवर्तन दल के द्वारा जिले के विभिन्न पान ठेलो और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में छापा मारकर चालानी कार्रवाई की गई। धूम्रपान निषेध के लिए कोटपा अधिनियम 2003 के नियमों के उलंघन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया। तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाया गया। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के द्वारा क्रय. विक्रय सहित उपभोग करने पर कार्रवाई किया गया।

### स्व सहायता समूहों की महिलाओं को मिल रही नई पहचान

# जैविक कृषि लखपति दीदी बन रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एक समय था जब गांव की महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन अब वे जैविक कृषि, पशुपालन और माइक्रो उद्यमिता के जरिए लखपति दीदी बनकर नई मिसाल कायम कर रही हैं। यह बदलाव संभव हो पाया है छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान और एनआरएलएम के सतत प्रयासों से जिसके अंतर्गत रायगढ़ जिले की 1 लाख 45 हजार 49 महिलाएं 13 हजार 500 स्व सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं।

स्व सहायता समूहों की महिलाएं अब गांवों में वित्तीय, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बन रही हैं। समूहों द्वारा न केवल नियमित बचत और ऋण लेन देन किया जा रहा है, बल्कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर शासन की योजनाओं का भी लाभ उठाया जा रहा है। रायगढ़ जिले के जनपद पुसौर खरसिया और धरमजयगढ़ के 40-40 कृषि मित्र और पशु सखी चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण देकर जैविक खेती और पशु पालन के क्षेत्र में कार्यरत किया गया है। कृषि मित्र समूहों को जैविक खाद और जैविक दवा बनाने का प्रशिक्षण देती हैं और स्वयं खेतों में उसका उपयोग कर स्थायी कृषि को बढ़ावा दे रही हैं। इससे उनकी आमदनी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और वे लखपति दीदी के रूप में पहचान बना रही हैं।

#### समूहों को उपलब्ध कराया जा रहा लोन

वित्तीय सशक्तिकरण की नई उड़ान वर्ष 2025-26 में अब तक जिले के 1,045 समूहों को 28 करोड़ 37 लाख रुपये की बैंक क्रेडिट लिंकिंग के माध्यम से आजीविका गतिविधियों हेतु वित्त पोषित किया गया है। माइक्रो क्रेडिट योजना के तहत समूहों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय डोज के रूप में ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महिलाएं इस राशि का प्रयोग कर कृषि, पशुपालन, मुर्गीपालन, लघु उद्योग, मत्स्य पालन, और अन्य कार्यों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाया जाएगा अभियान

**रायगढ़।** जिले में उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु शासन के निर्देशानुसार बने खाबो बने रहिबो अभियान चलाया जाएगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा इस विशेष अभियान के तहत होटल, मिठाई दुकान, दूध विक्रेताओं एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में गुणवत्ता की जांच की जाएगी। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर खाद्य सुरक्षा मुहैया कराना है। इसे लेकर विभाग द्वारा शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी 04 से 06 अगस्त तक व्यापक स्तर पर निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाएंगे, उनके निर्माण, भंडारण, उपयोग की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं लेबलिंग की गहन जांच की जाएगी।

